भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.1272

(जिसका उत्तर सोमवार दिनांक 08 दिसम्बर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है)

राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सुविधाएं

1272. श्री श्यामकुमार दौलत बर्वेः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सुविधाएं के वादे से सरकारी खजाने पर बोझ पड़ता है और मुद्रास्फीति बढ़ती है और यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को मुद्रास्फीति दर को कम करने और इसे स्थिर रखने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि सरकारी व्यय अधिक है और जनता को प्रदान की जाने वाली मुफ्त सुविधाओं के परिणामस्वरूप राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या आरबीआई, नीति आयोग और सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार, चुनाव से ठीक पहले मुफ्त सुविधाओं का वादा करने से देश में विदेशी मुद्रा-दर, महंगाई-दर और बेरोजगारी-दर बढ़ जाती है औऱ यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) राजनीतिक दलों द्वारा किये गये वादे मात्र से न तो सरकारी खजाने पर बोझ पड़ता है और न ही मुद्रास्फीति बढ़ती है।

(ख) सरकार द्वारा अग्रसक्रिय मौद्रिक नीति प्रतिक्रियाओं के साथ-साथ प्रभावी एवं विवेकपूर्ण आपूर्ति पक्ष उपायों से मुद्रास्फीति कम करने में मदद मिली। जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2025 (अनंतिम) में मुख्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति 0.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) थी, जो वर्तमान सीपीआई श्रृंखला (2012=100) में ऐतिहासिक रूप से निम्नतम स्तर है। यह आरबीआई के मुद्रास्फीति लक्ष्य बैंड 4±2 प्रतिशत से काफी नीचे है।

(ग) आरबीआई, नीति आयोग और सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा कोई आधिकारिक अध्ययन या रिपोर्ट नहीं दी गई है जो देश में विदेशी मुद्रा दर, मुद्रास्फीति दर और बेरोजगारी दर पर फ्रीबीज के प्रभाव को दर्ज करती हो। हालाँकि, जून 2022 में, आरबीआई बुलेटिन में "...भारत में राज्य सरकारों के सामने राजकोषीय जोखिम, जिसमें भारी कर्ज में डूबे राज्यों पर विशेष ध्यान दिया गया था" विषय पर एक लेख प्रकाशित हुआ था। इस लेख में "...गैर-महत्व वाले फ्रीबीज पर बढ़ते खर्च" को जोखिमों के उभरते नए स्रोतों में से एक बताया गया था।

*****